भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या† 1348

उत्तर देने की तारीख 25.11.2019

जनजातीय उत्पादों के विपणन हेतु संस्थागत सहयोग

†1348. श्री अनुमुला रेवंत रेड्डीः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान जनजातीय उत्पाद विकास और विपणन योजना हेतु संस्थागत सहयोग के अंतर्गत आवंटित निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान जनजातीय उत्पाद विकास और विपणन योजना हेतु संस्थागत सहयोग के अंतर्गत राज्य-वार कितनी निधि का उपयोग किया गया है;

(ग) जनजातीय उत्पाद का करोड़ों में कुल बाजार का राज्य-वार आकार कितना है; और

(घ) क्या गत पांच वर्षों में जनजातीय उत्पाद का बाजार आकार बढ़ा या घटा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता)

(क) यह स्कीम मांग आधारित है । निधियों का राज्यवार आवंटन नहीं किया जाता है । हालांकि, इस स्कीम के तहत विभिन्न राज्यों को स्वीकृत निधियां अनुलग्नक में दी गई है।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान 'जनजातीय उत्पाद के विकास और विपणन के लिए संस्थागत सहायता' की स्कीम के तहत उपयोग की गई निधियों का राज्यवार विवरण, अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) जनजातीय उपज के बाजार की सीमा की पहचान करने के लिए कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

****

अनुलग्नक

दिनांक 25.11.2019 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं 1348 के उत्तर में गत पांच वर्षों के दौरान जनजातीय उत्पाद/उपज के विकास तथा विपणन हेतु संस्थागत सहायता की स्कीम के तहत आवंटित/उपयोग की गई निधियों के ब्यौरे को दर्शाने वाला विवरण निम्नानुसार है:

(लाख रू. में)

क्र.सं.	राज्य	2014-15		2015-16		2016-17		2017-18		2018-19	
		निर्मुक्त निधि	उपयोग	निर्मुक्त निधि	उपयोग	निर्मुक्त निधि	उपयोग	निर्मुक्त निधि	उपयोग	निर्मुक्त निधि	उपयोग
1	छत्तीसगढ़	232.00	0.00	-	-	-	-	-	-	-	-
2	केरल	206.77	206.77	-	-	-	-	393.52	298.22	-	-
3	ओडिशा	138.30	132.80	148.13	-	-	-	-	-	-	-
4	राजस्थान	56.00	56.00	-	-	43.43	43.43	-	-	-	-
5	त्रिपुरा	119.93	119.93	310.98	310.98	351.10	351.10	201.48	201.48	-	-
6	पश्चिम बंगाल	356.00	356.00	-	-	431.47	431.47	-	-	85.00	-
7	मिज़ोरम	-	-	-	-	174.00	174.00	-	-	696.00	-
8	सिक्किम	-	-	-	-	-	-	-	-	219.00	-